

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार, 02 जुलाई 2024 | वर्ष: 01, अंक: 108, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## लागू हुए तीन नए कानून

### तीन साल के भीतर न्याय, मॉब लिंचिंग के लिए भी प्रावधान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम सोमवार से देश में लागू हो गए। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस बदलाव से एक ऐसी प्रणाली स्थापित होगी जिससे तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल सकेगा। तीनों कानून संसद ने पिछले साल शीतकालीन सत्र में पारित किए थे। नए कानून देश में ब्रिटिश राज से चले आ रहे इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह आए हैं। नए कानून में बलात्कार के लिए धारा 375 और 376 की जगह धारा 63 होगी। सामूहिक बलात्कार की धारा 70 होगी। हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी। लोकसभा ने इन तीनों विधेयकों को 20 दिसंबर और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को पारित किया था।

भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है। इसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग का भी है। इसके अलावा 41 विभिन्न अपराधों में सजा बढ़ाई गई है, 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ा है, 25 अपराध ऐसे हैं जिनमें न्यूनतम सजा की शुरुआत की गई है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में स्वीकार किया गया है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत 170 धाराएं होंगी। कुल 24 धाराओं में बदलाव किया



है। नई धाराएं और उपाधाराए जोड़ी गई हैं। सरकार का मानना है कि नए कानून लागू होने से न्याय जल्दी मिलेगा और तय समय के अंदर चार्जशीट फाइल हो सकेगी। साक्ष्य जुटाने के लिए 900 फॉरेंसिक वैन देशभर के 850 पुलिस थानों के साथ जोड़ी जा रही हैं। गरीबों के लिए न्याय महंगा नहीं होगा। गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में नौ नए सेक्शन और 39 नए सब सेक्शन जोड़े गए हैं। इसके अलावा 44 नई व्याख्याएं और स्पष्टीकरण जोड़े हैं और 14 धाराओं को निरस्त किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये विधेयक संसद में रखे थे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। पिछले साल 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी।

विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा था कि विधेयक का उद्देश्य 'दंड देना नहीं है, इसका उद्देश्य न्याय देना है÷। उन्होंने कहा था कि इन विधेयकों की आत्मा भारतीय है। व्यास, बृहस्पति, कात्यायन, चाणक्य, वात्स्यायन, देवनाथ ठाकुर, जयंत भट्ट, रघुनाथ शिरोमणि अनेक लोगों ने जो न्याय का सिद्धांत दिया है उसको इसमें उतारा गया है।

सरकार का मानना है कि यह कानून स्वराज की और बड़ा कदम है। गृह मंत्री ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा था कि गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने स्वराज की लड़ाई लड़ी थी। ये कानून लागू होने से 'तारीख पर तारीख' का जमाना चला जाएगा। तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल जाए ऐसी न्याय प्रणाली इस देश के अंदर प्रतिस्थापित होगी।

## नीट परीक्षा का स्थायी समाधान निकालना बहुत जरुरीः मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चतिता पर चिंता जाहिर करते हुये समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है। सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया 'देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में ख़ासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक, जिसका शीघ्र सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही ज़रूरी।'

उन्होने कहा 'वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि



**उन्होने कहा 'वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर, दु:खद व चिन्तनीय।**

इसकी रोकथाम के लिए सखूत कदम आवश्यक।'

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्यपाल को फोन कर जन्म दिन की

**एजेंसी**

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को फोन कर राज्यपाल कलराज मिश्र को जन्म दिन की



बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने फोन पर राज्यपाल मिश्र के आदर्श व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

## नए आपराधिक कानून 99 फीसदी कॉपी और पेस्ट, कुछ बदलाव असंवैधानिक : चिदंबरम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** एक जुलाई यानी आज से देश में भारतीय दंड संहिता (इंडियन पीनल कोड), दंड प्रक्रिया संहिता (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इंडियन एविडेंस एक्ट) की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो गए हैं। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरह से प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के



बीच केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। 90-99 प्रतिशत तथाकथित नए कानून कट, कॉपी और पेस्ट है, जो मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था। लेकिन इसे एक बेकार प्रक्रिया में बदल दिया गया। हां, नए कानूनों में कुछ सुधार लाए गए हैं और हमने उनका स्वागत किया है। इन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था।'

उन्होंने आगे लिखद्द, 'दूसरी ओर कई खराब प्रावधान भी हैं। कुछ बदलाव प्रथम दृष्टया असंवैधानिक हैं। जो सांसद स्थायी समिति के सदस्य थे, उन्होंने प्रावधानों पर विचार किया और तीनों विधेयकों पर विस्तृत असहमति नोट लिखे। सरकार ने असहमति पत्रों में आलोचनाओं का कोई खंडन नहीं किया या जवाब नहीं दिया तथा संसद में कोई सार्थक बहस नहीं की। कानून के विद्वानों, बार एसोसिएशनों, न्यायाधीशों और वकीलों ने कई लेखों और सेमिनारों में तीन नए कानूनों में गंभीर कमियों की ओर इशारा किया है। सरकार ने किसी के भी सवालों का जवाब देने की परवाह नहीं की।'

## एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिले

**एजेंसी**



**अलीराजपुर।** मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के एक गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिलने की घटना के बाद सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राउड़ी गांव में एक मकान में पांच लोगों के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव मकान में फांसी के फंदे पर लटके हुए पाए गए। मृतकों की पहचान राकेश, उसकी पत्नी ललिता, पुत्री लक्ष्मी, पुत्र अक्षय और प्रकाश के रूप में हुयी है। सूत्रों ने प्रारंभिक पड़ताल के हवाले से कहा कि सुबह मकान में किसी व्यक्ति के पहुंचने पर दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद शंका होने पर सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया, तो मकान में पांचों सदस्यों के शव मिले। पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है।

## कांग्रेस विपक्ष की भूमिका पूरी सार्थकता से निभाएगी - सिंघार

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा है कि आज से प्रारंभ हुए सत्र के दौरान कांग्रेस विपक्ष की भूमिका पूरी सार्थकता से निभाएगी। श्री सिंघार ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा कि जनहित के मुद्दों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। जहां सरकार को हमारे सहयोग की अपेक्षा होगी, हम सार्थक साथी भी बनेंगे, लेकिन हमारे लिए जनहित सर्वोपरि होगा। इस बीच कांग्रेस के विधानसभा आज विधानसभा नर्सिंग घोटाले को उठाते हुए पहुंचे। कांग्रेस सदस्यों ने विधानसभा परिसर में गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष इस मुद्दे को लेकर नारेबाजी करते हुए मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया कि सरकार इस



मामले में दोषियों को बचा रही है। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को सदन में भी पूरी ताकत से उठाएगी।

## उच्च शिक्षा विभाग के प्रवक्ताओं के तबादले में खेल

**दो दर्जन प्रवक्ताओं के तबादले के बाद हुआ संशोधन । तबादले के खेल में अफसरों ने मारी बाजी, जमकर हुई वसूली 7 प्रदेश के सीएम तबादलों की कराये उच्च स्तरीय जांच : डा हरिप्रकाश यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** इस बार राजकीय महाविद्यालयों के प्रवक्ताओं के तबादले में अफसरों ने जमकर खेल किया। स्थिति इतनी खराब रही कि शासन के निदेशों को भी नजरंदाज कर दिया गया। 25 जून को प्रवक्ताओं के तबादले की अलग-अलग दो सूची में 148 तबादले हुए और तबादलों की तीसरी सूची चार दिन बाद 29 जून को फिर से 73 प्रवक्ताओं का तबादला हुआ लेकिन इस तबादला सूची में दो दर्जन ऐसे प्रवक्ताओं के तबादले जो पहली सूची में हुए थे उनका मनमाना तबादला फिर से कर दिया गया है। तबादले के इस खेल के पीछे उच्च शिक्षा निदेशक कार्यालय प्रयागराज का हाथ था जिसमें पैसे लेकर मनमाने तबादले किए गए। वरिष्ठ शिक्षक नेता डा हरिप्रकाश यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रवक्ताओं के तबादले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अफसरों ने प्रवक्ताओं के जरूरी तबादले को उद्योग धंधा बना लिया है और उनसे धड़ल्ले से वसूली की जा रही है।

उच्च शिक्षा अनुभाग -5 के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी है। उन्होंने 25 जून को राजकीय महाविद्यालयों के प्रवक्ताओं के तबादले की दो सूची जारी किया। पहली तबादला सूची में 88 प्रवक्ता और दूसरी सूची में 60 प्रवक्ताओं का तबादला हुआ। ठीक चार दिन बाद उच्च शिक्षा अनुभाग -5 के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी की ओर प्रवक्ताओं के तबादले की तीसरी सूची जारी हुई जिसमें 73 प्रवक्ताओं का फिर से तबादला होता है जिनका नाम चार दिन पहले हुए तबादला सूची में था। राजकीय महाविद्यालयों के जिन दो दर्जन प्रवक्ताओं का दूसरी तबादला बार सूची में नाम था उनमें राजकीय महाविद्यालय बक्शाखेडा उन्नाव की असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान डा दीप्ति अग्रवाल, अवंती बाई राजकीय महाविद्यालय बरेली की असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र डा नेहा गुप्ता, राजकीय महाविद्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद की असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा डा रेनू दास, राजकीय महाविद्यालय कुचलाई सीतापुर की असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान डा नीतू सिंह, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऊंचाहार रायबरेली के असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान डा असलम, महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय आशियाना लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत डा रितु शुक्ला, कु मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर गौतमबुद्ध नगर के असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा डा सत्येन्द्र कुमार, महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय आशियाना लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी डा देवर्षि कुमार मिश्रा और महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर समाज शास्त्र डा विनय कुमार सिंह
है।

जिन प्रवक्ताओं का दूसरे तबादला सूची में नाम था उनमें राजकीय महाविद्यालय डीएलडब्ल्यू वाराणसी के असिस्टेंट प्रोफेसर समाज शास्त्र डा गोमतेश्वर पाल, राजकीय महाविद्यालय मांट, मथुरा के असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र के डा सत्येन्द्र सिंह, राजकीय महाविद्यालय जलेसर, एटा के असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान डा नजम उल रफी और राजकीय महाविद्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद के असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा डा संजीव कुमार सहित अन्य प्रवक्ता है जिनका चार दिन के फिर से तबादला मनमाने राजकीय महाविद्यालय में हुआ है जबकि तीन दर्जन से अधिक प्रवक्ता तबादले के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज का चक्कर लगा रहे है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि मनमाने तबादले के खेल में उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के अफसरों और बाबुओं का हाथ है जो तबादले के लिए प्रवक्ताओं से जमकर अवैध वसूली करते हैं और आपस में बंदरबांट करते हैं। इनमें उच्च शिक्षा निदेशक डा अमित भारद्वाज, उच्च शिक्षा के सहायक निदेशक डा बीएल शर्मा और विभाग के माननीय के राइट हैंड भी खेल में शामिल हैं। उधर, वरिष्ठ शिक्षक नेता डा हरिप्रकाश यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा में प्रवक्ताओं के मनमाने तबादले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है जिससे कि सच्चाई सामने आ सके और गड़बड़ी करने वाले अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

## केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को दिल्ली उच्च न्यायालय में दी चुनौती

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) कथित घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दी गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताते की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद आरोपी श्री केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा० इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र
राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र

M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा० इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)






प्रवेश प्रारम्भ

संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## तीर्थ यात्रियों संग गंगा मैया की आरती संपन्न हुई




**सबसे तेज प्रयागराज**

**श्रृंग्वेरपुर/ प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर धाम पर परम पूज्य आचार्य देवव्रत जी महाराज के भक्तगण जो की राजस्थान से आए हुए तीर्थ यात्रियों द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम पर गंगा मैया की आरती संपन्न हुई राजस्थान से आए हुए श्रद्धालु बहुत भीड़ भारी संख्या में रात्रि प्रवास श्रृंगवेरपुर धाम पर्यटन हाउस पर किया तत्पश्चात गंगा मैया का दर्शन पूजन शांत मैया का दर्शन पूजन उपरांत आए हुए सभी तीर्थ यात्रियों महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया गंगा मैया की आरती करते हुए श्रद्धालुओं भक्तों तीर्थ यात्रियों को चित्रकूट धाम दर्शन हेतु रवाना किया गया तीर्थ यात्रियों द्वारा बहुत ही श्रद्धा भाव से भजन संकीर्तन महाप्रसाद का वितरण किया गया वहीं पर परम पूज्य प्रख्यात कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के चरित्राथ वर्णन किया गया भक्तों द्वारा गंगा मैया श्री राम जी की जय कारे लगाए गए जयकारा से पूरा परिसर पर्यटन हाउस गूंज मन हो उठा आए हुए सभी तीर्थ यात्रियों का संजय तिवारी अध्यक्ष श्रृंगवेरपुर महोत्सव जय श्री राम सेवा समिति श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर परम पूज्य प्रख्यात कथा वाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज को संजय तिवारी अध्यक्ष एवं अमित द्विवेदी संयुक्त मंत्री राष्ट्रीय रामायण मेला के द्वारा अंग वस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया।

श्रृंगवेरपुर महोत्सव के अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि, श्रृंगवेरपुर धाम श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि व प्रभु श्री राम की कर्मभूमि है, यहाँ जो भी भक्त गंगा स्नान कर दान पुण्य करता है उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है

इस अवसर पर अमित द्विवेदी संयुक्त मंत्री राष्ट्रीय रामायण मेला शिव विशाल तिवारी जिला उपाध्यक्ष गंगा पार प्रयागराज अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद पप्पू पांडे जी शिवदीप तिवारी उमापति तिवारी राकेश भारतीय आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

## व्यापार मंडल ने कड़ा धाम थानाध्यक्ष का किया स्वागत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** व्यापार मंडल देवीगंज द्वारा सोमवार को नवागत थानाध्यक्ष कड़ाधाम का जोरदार स्वागत सम्मान किया गया।नगर अध्यक्ष नीरज साहू की अगुवाई में व्यापार मंडल देवीगंज के पदाधिकारियों ने नवागत थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह को पुष्पगुच्छ देकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत करते हुए उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।नवागत थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए व्यापारियों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।इस अवसर पर मोनू मोदनवाल, खुरशेद अहमद, श्यामू अग्रहरि, होरीलाल अग्रहरि, अमित केशरवानी, बब्लू सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## विवेकानंद इंस्टिट्यूट के पास रक्त रंजित मिला युवक का शव

**अलीगढ़। थाना रोरावर** क्षेत्र में विवेकानंद इंस्टिट्यूट के निकट युवक का शव मिलने से लोगो मे सनसनी फैल गई। आरोप है कि युवक की हत्या धारदार हथियार से प्रहार कर की गई है।

# डीएम एसपी द्वारा संयुक्त रूप से 10 वीं वाहिनीं पी.ए.सी. बाराबंकी के परिसर में बने चिल्ड्रेन पार्क का फीता काटकर उदघाटन किया






**सबसे तेज प्रयागराज** **बाराबंकी** । जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा 10 वीं वाहिनीं पी.ए.सी. बाराबंकी के परिसर में बने ह्रचिल्ड्रेन पार्कह्व का संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया गया एवं दिनांक 01.07.2024 से 07.07.2024 तक वन महोत्सव के अन्तर्गत नये पौधे को लगाने एवं वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लेकर पी.ए.सी. परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सेनानायक अरुण कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# डीएम एसपी द्वारा गोष्ठी आयोजित कर आम नागरिकों/छात्रों/अध्यापकों/अध्यापिकाओ/ अधिवक्ताओं और मीडिया के लोगों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर में गोष्ठी आयोजित कर आम नागरिकों/छात्रों/अध्यापकों/अध्यापिकाओं/अधिवक्ताओं और मीडिया के लोगों को देशभर में आज से लागू हुए 03 नए कानून- भारतीय न्याय संहिता




भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। मौके पर अभियोजन अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सी.एन. सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया, प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# मुहर्रम त्यौहार को लेकर ताजियादारो व संभ्रांत लोगों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना में मुहर्रम त्यौहार को लेकर ताजियादारो व संभ्रांत लोगों की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुई एएसपी ने लोगो से की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की बैठक में शामिल लोगो से उनकी समस्या जानी साथ ही किसी प्रकार के उपद्रव व अराजकता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही का पुलिस को निर्देश दिया गया ताजियादारो को बताते हुए उन्होंने कहा कि ताजिया मानक के मुताबिक होनी चाहिए किसी भी प्रकार का फेर बदल नही किया जा सकता है, परंपरागत विगत वर्षो की भांति ही



ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, कोई नया बदलाव नहीं किया जाएगा। ताजिया की लम्बाई ऊंचाई की मानकों की भी चर्चा की गई जिसमे लम्बाई का मानक चार से पांच फीट व ऊंचाई सात फिट रखने को कहा गया। ताजियादारो ने पुलिस के सामने अपनी समस्याओं में गली गली में लटके विधुत तारो की समस्या के बारे बताया वही सैयद सरावा गांव के ताजियादारों ने पुलिस को बताया कि उनके यहां बिजली की तार के साथ साथ रेलवे लाइन क्रॉसिंग की समस्या है जिससे भीड़ में शामिल लोग रेलवे लाइन पार करने लगते है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

पुलिस प्रशासन को इस पर विशेष ध्यान देना होगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगो को हर सम्भव पुलिस प्रशासन द्वारा मदद का विश्वास दिया और नवागत थाना प्रभारी चरवा जगदीश कुमार को लोगो की बताई गई समस्याओं को नोट कर उसके समाधान करने के लिए निर्देशित किया गया।

## राजिस्थान से आये भक्तो ने गंगा मैया की उतारी आरती

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** सोमवार को श्रृंगवेरपुर धाम राजिस्थान से आये भक्तों गंगा में डुबकी लगाई परम पूज्य आचार्य देवव्रत जी महाराज के सानिध्य में पहुची राजिस्थानी टोली ने स्नान के बाद पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया भारी संख्या में भक्तो की टोली के प्रवास के लिए श्रृंगवेरपुर धाम पर्यटन हाउस पर व्यवस्था की गई थी इससे पूर्व सभी लोगों को गंगा मैया का दर्शन पूजन के साथ ही शांता मैया का दर्शन पूजन कराया गया और सभी महिला श्रद्धालुओं को साड़ी वितरण किया उन्हें श्रद्धालुओं को चित्रकूट धाम दर्शन हेतु रवाना किया गया तीर्थ यात्रियों द्वारा श्रद्धा भाव से भजन कीर्तन महाप्रसाद का वितरण किया गया वहीं पर परम पूज्य प्रख्यात कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के चरित्राथ वर्णन किया गया भक्तों द्वारा गंगा मैया श्री राम जी की जय कारे लगाए गए जयकारा से पूरा परिसर पर्यटन हाउस गूंजयमान हो उठा आए हुए सभी तीर्थ यात्रियों का संजय तिवारी अध्यक्ष श्रृंगवेरपुर महोत्सव जय श्री राम सेवा समिति श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर परम पूज्य प्रख्यात कथा वाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज को संजय तिवारी अध्यक्ष एवं अमित द्विवेदी संयुक्त मंत्री राष्ट्रीय रामायण मेला के द्वारा अंग वस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया ।

## पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के बारे में किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, जो आज दिनांक 01.07.2024 से लागू हो गये हैं जिसके उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश के क्रम में जनपद कुशीनगर में कानुन एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/ प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा जानकारी के प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त थाना परिसर में गोष्ठी की गई जिसमें क्षेत्राधिकारी/ प्रभारीयों द्वारा क्षेत्रवासियों के साथ गोष्ठी कर विस्तृत जानकारी दी गयी।

## एडीजी ने 3 नये कानून के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ एस.बी. शिराडकर द्वारा थाना कुर्सी, बाराबंकी में गोष्ठी आयोजित कर आम नागरिकों/सम्भ्रांत व्यक्तियों/मीडिया के लोगों को देशभर में आज से लागू हुए 03 नए कानून- भारतीय न्याय संहिता (??.??.??.), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (??.??.??.??.) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (??.??.??.) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सी.एन. सिन्हा, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ0 बीनू सिंह, थानाध्यक्ष कुर्सी गजेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## चार वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर करारी पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

थाना करारी पुलिस उ०नि० छोटेलाल सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा 3 वारंटी अभियुक्तों कोढ़ऊ लोध . पीताम्बर . लल्लू पुत्रगण बुन्नू लोध नि०गण जमदुआ थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उ०नि० उ०नि० जितेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा इजरा वाद संख्या 88/22 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र हीरालाल नि० गुवारा तैय्यबपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 113 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500 /- रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

## माधौगढ़ पुलिस की सर्कियता से फर्जी नंबर की ट्रेवल्स बस पकड़ी गई

**माधौगढ़, जालौन। मध्यप्रदेश** के भिंड जिले के मछण ?ड से उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के माधौगढ़ उमरी होते हुए केएस ट्रेवल्स बस सवारियों को लेकर दिल्ली रवाना होती है वही माधौगढ़ पुलिस को सूचना मुखबिर के द्वारा मिली की के एस ट्रेवल्स बस फर्जी नंबर डालकर चल रही है जिसे तत्काल पुलिस ने पकड़ी और ड्राइवर को कोतवाली लेकर गई।

वहीं जानकारी मिली की जो बस है वह चेचिस नंबर और इंजन नंबर अभिषेक वर्मा पुत्र काशीराम वर्मा निवासी झांसी के नाम से है।वहीं मध्यप्रदेश के रहने वाले ड्राइवर अंकित चौरसिया उर्फ छोटू चौरसिया पुत्र राजीव चौरसिया उर्फ मुन्ना चौरसिया फर्जी तरीके से चला रहे थे जिनको पुलिस ने पकड़ा और जांच पड़ताल शुरू की है।

# एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में सैनी कोतवाली में पीस कमेटी की हुई बैठक

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** आगामी मुहर्रम त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु स्थानीय कोतवाली सैनी परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक में सर्किल ऑफिसर अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में तमाम दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा सभी पर्व और त्योहार हमें मानवीय संवेदनाओं के संवर्धन और संरक्षण की तालीम देते हैं इसलिए हम सबको समाज में अमन शांति कायम रखने के लिए भाईचारा और संवाद बनाए रखना है

उन्होंने कहा यदि किसी को भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्ति के बारे में कोई आशंका हो तो तुरंत पुलिस से



जानकारी साझा करें सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी सर्किल ऑफिसर सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया 2019 और 2023 में एक गांव क्षेत्र में दो समुदायों के बीच में इसी त्यौहार के समय में विवाद हुआ था ऐसा कोई विवाद फिर से न पनपने पाए उसके लिए उस गांव के दोनो पक्षों से एक एक व्यक्ति की जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक 2 जुलाई की जाएगी बीते वर्षों जिन गांवों में त्योहार के दरम्यान किसी तरह का विवाद हुआ था। सभी को पीस कमेटी की बैठक में बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं इस अवसर पर अंबर भाई,हबीब उल्ला, नूरुल इस्लाम,जमाल अहमद, जे पी मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे हैं।

# लालगोपालगंज में स्वच्छ भारत मिशन की जांच करने पहुंचे एडीएम

## डीएम के निर्देश पर एमआरएफ सेंटर गौशाला व कार्यालय का किया निरीक्षण









**धीरज सोनी:**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कस्बा में साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया । करीब तीन घंटे तक स्थलीय निरीक्षण के बाद वह प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। इनके साथ डीपीएम हर्षजय रहे। सोमवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व विनय सिंह डीएम के निर्देश पर स्थानीय नगर पंचायत सीमा क्षेत्र स्थानीय कस्बा में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया । एडीएम ने सबसे पहले निंदूरा रेलवे लाइन हरिजन बस्ती स्थित कूड़ा डंपिंग ग्राउंड और एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया।

दौरान उन्होंने एमआरएफ सेंटर मे लगी मशीन एवं अन्य उपकरण के बारे में बारीकी से जानकारी ली बाद मे वह मलंग की तकिया गौशाला पहुचे जहा उन्होने मवेशियों के बैठने के हाल, भूसा स्टॉक, पानी की व्यवस्था सहित उनकी संख्या व बिजली व्यवस्था देखी । उन्होंने मौजूद कर्मचारियों से जानकारी लेते हुये ईओ को निर्देश दिए कि गोशाला में साफ-सफाई व मवेशियों के भोजन पानी में लापरवाही न बरती जाए अंत मे अधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय मे हाजिरी व स्टाक रजिस्टर स्टोर रूम कार्यालय मे साफ सफाई तथा अन्य चीजों की बरीकी से पड़ताल किया निरीक्षण के दौरान अधिकारी को कही भी किसी प्रकार की खामी नहीं नजर आई करीब तीन घंटे तक जांच पड़ताल के बाद वह प्रयागराज के लिए रवाना हो गए इस दौरान नगर पंचायत ईओ पद्मजा मिश्रा , कार्यालय के लिपिक कृष्ण कुमार कैलाश यादव दारा यादव अनिल यादव अनिल निर्मल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## एसपी की अध्यक्षता में थाना कोतवाली कर्वी में नये भारतीय कानून लागू होने के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**चित्रकूट ।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी में आज से लागू होने वाले नये भारतीय कानून के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के सम्बन्ध में जागरुक किया गया ।
इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं भारी संख्या में जनता के व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी- अमरनाथ यादव



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी होते है इनकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है सरकार प्रत्येक वर्ष करोड़ों पौधे लगवाती है लेकिन सुरक्षा के अभाव में यह पौधे मृत घोषित हो जाते है उक्त बाते सोमवार को वन महोत्सव के प्रथम दिन फूलपुर विकास खंड के सांवडीह गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौध रोपण के बाद लोगो को संबोधित करते हुए भाजपाके वरिष्ठ नेता नगर पंचायत फूलपुर के अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कही उन्होंने कहा की पेड़ पौधों की संख्या कम होने के कारण इस वर्ष भीषण गर्मी का दंश हम सभी को झेलना पड़ा। वन क्षेत्राधिकारी फूलपुर अशोक कुमार ने कहा की सरकार के सहयोग से वन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने पर पौध रोपण कराया जाता है लेकिन इसकी रक्षा सुरक्षा करने वाले जिम्मेदार लोग यदि अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए इनका पालन पोषण सही से करे तो जल्द ही देश प्रदेश से लेकर गांव की गलियां हरियाली से चमकने लगे लोगो को छाया के साथ शुद्ध हवा और बेहतर वातावरण मिलने लगे जिससे लोगो का स्वास्थ्य भी सही रहे। मौके पर प्रधानपति सांवडीह पंधारी लाल भारतीय,निरंजन लाल सहित विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

## रेलवे स्टेशन के बाहर से बाइक चुरा ले गए चोर , जीआरपी की लापरवाही से स्टेशन पर बढ़ रही घटनाएं


**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज प्रयागराज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी युवक की बाइक चोर उठा ले गए पीड़ित युवक प्रयागराज रक्तदान करने जा रहा था जीआरपी पुलिस की लापरवाही से स्टेशन पर चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है
शिवरामपुर, कुंडा प्रतापगढ़ निवासी आकाश कुमार सरोज सीएल लाइब्रेरी में अध्ययन करता है। सोमवार को वह रक्त दान देने प्रयागराज जा रहा था युवक के साथी ने कस्बा स्थित रेलवे स्टेशन के बाहर अपनी बाइक मे ताला लगाया और खड़ी कर प्लेटफॉर्म पर चला गया, वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब थी। छात्र ने आसपास खोजने का प्रयास किया, पता न चलने पर स्थानीय पुलिस से शिकायत कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है।

## पुलिस ने मारपीट के मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान




**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** डीसीपी गंगानगर के निर्देश पर हंडिया पुलिस क्षेत्र में मामूली विवाद में 6 लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया।
प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मामूली विवाद में छः लोग शान पुत्र महफूजूल रहमान निवासी वार्ड नं0 13 पावर हाउस. लुतुर्कुर रहमान पुत्र फजलु रहमान निवासी वार्ड नं0 13 पावर हाउस,नजमूर रहमान पुत्र फजलु रहमान निवासी वार्ड नं0 04 थाना हण्डिया,संजय कुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी बींदा थाना हण्डिया, निहाल पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय सुरेन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम बींदा. महेन्द्र बिन्द पुत्र स्व० योगेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम सुजौला थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज।
गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम
प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया. उ0नि0 अवधनारायण. उ0नि0 प्रशि० राकेश गौड़ थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज।

## कसया पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलायी जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कसया पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त मो0 आरिफ पुत्र मो0 मुमताज साकिन बहादुरपुर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर हा0मु0 ए-11 रेलवे कालोनी कप्तानगंज थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीसीपी यमुनानगर ने लोगों को किया जागरूक







**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, जो आज दिनांक 01.07.2024 से लागू हो गये हैं जिसके उपलक्ष्य में पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के निर्देश के क्रम में जनपद में कानुन एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय द्वारा जानकारी के प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के थाना औधोगिक क्षेत्र में क्षेत्रवासियों के साथ गोष्ठी कर विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी प्रकार एडीसीपी आईपीएस अभिजीत कुमार में घूरपुर थाने में लोगों को भारतीय न्याय संहिता के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर एसीपी कौंधियारा, प्रभारी निरीक्षक घूरपुर केशव वर्मा ,थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र समेत कई संभ्रांत लोग मौजूद रहें।



# यमुनापार के भाजपाइयो ने नेता प्रतिपक्ष के बयान की कड़ी निंदा करते हुए देश से माफी मांगने को कहा

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। लोकसभा के अंदर और बाहर राहुल गांधी के बयान पर देश के साथ-साथ प्रयागराज यमुनापार के भाजपाई में उबाल है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति व पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कड़ा विरोध जताते हुए नेता प्रतिपक्ष के बयान की कड़ी निंदा करते हुए देश के हिन्दुओं से माफी मांगने को कहा। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा था कि सत्तारूढ़ दल के नेता हिंदू नहीं हैं क्योंकि वे हिंसा और बंटवारे की राजनीति को बढ़ावा देते हैं। इससे पूरे देश में उबाल है। यमुनापार में जगह-जगह भाजपाइयों में इस प्रकिया से उबाल दिखा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा नेता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शोभनारायण द्विवेदी, ज्ञान सिंह पटेल, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, राजेश्वरी तिवारी,अजीत प्रताप सिंह, संतोष त्रिपाठी,जय सिंह पटेल, राजेश शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य, पुष्पराज सिंह पटेल, प्रकाश शुक्ल प्रचंड,कमलेश त्रिपाठी आदि जिला पदाधिकारियों के साथ मंडल अध्यक्षों ने कड़ा विरोध जताकर देश से तत्काल माफी मांगने को कहा।

## नया कानून पारदर्शी, सुलभ और जवाबदेह, अपराधियों को मिलेगी सख्त सजा- तरुण गाबा





**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा ने बताया कि नए प्राविधानों में पुलिस को 90 दिन के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करना अनिवार्य है तथा पीड़ित की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर कराए जाने अधिकार प्राप्त करने के प्राविधान है।
नए कानून के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए सोमवार को सिविल लाइंस थाने में आयोजित गोष्ठी में पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने नए कानून की बारीकियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू होने अपराध में कमी आएगी और अपराध करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिल सकेगी। उन्होंने एक जुलाई से लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम) -2023 के महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी और इसके प्रति जागरूक किया।
उन्होंने कहा कि पुराने कानून ब्रिटिश राज्य के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए दंड पर आधारित थे, जबकि नए कानून न्याय पर आधारित हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। नए आपराधिक कानूनों का मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है ताकि सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। नए कानून में नागरिकों मौखिक या इलेक्ट्रॉनिक संचार का उपयोग कर बिना उस क्षेत्र पर विचार किये जहां अपराध किया गया है एफआईआर दर्ज कराने एवं बिना देरी के एफआईआर की एक प्रति निःशुल्क प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है। टेक्नोलाजी को दृष्टिगत रखते हुए दांडिक प्रणाली में आडियो, वीडियो एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को समाहित किया गया है तथा कानूनी जांच, पूछताछ एवं मुकदमें की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रुप से आयोजित करने का प्राविधान है।
उपरोक्त जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर, सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइन्स स्वेताभ पांडेय तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन्स उपस्थित रहे।

### गंभीर अपराधों में आजीवन कारावास तक की सजा का प्राविधान

पुलिस आयुक्त ने बताया कि नए प्राविधानों में पुलिस को 90 दिन के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करना अनिवार्य है तथा पीड़ित की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर कराए जाने अधिकार प्राप्त करने के प्राविधान है।
महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों में कठोर दंड (आजीवन कारावास या मृत्युदंड) का प्राविधान किया गया है तथा चिकित्सकों को बलात्कार से पीड़ित महिला की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर जांच अधिकारी को भेजने एवं पीड़ित महिला का बयान, केवल महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा दर्ज किया जाएगा और उसकी अनुपस्थिति में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किये जाने का प्राविधान है।
आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। नागरिकों को अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्रदान किया गया है। इस मौके पर शहर के तमाम व्यापारी, समाजसेवी, महिलाएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इसी तरह प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने आम नागरिकों को जागरूक किया।

## नवाबगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** डीसीपी गंगानगर के निर्देश पर नवाबगंज पुलिस चोरी लूट के अपराधियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद करते हुए लिखा पड़ी कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि चोरी लूट के अपराधियों की तलाश की जा रही थी इसी बीच मुखबिर की सूचना पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त ज्ञान सिंह पटेल पुत्र स्व0 पारस नाथ पटेल निवासी लोहरा कौड़िहार थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत कानपुर वाराणसी स्थित नो-इन्ट्री के पास से चोरी की 01 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।
**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**
उ0नि0 गौरव तिवारी. उ0नि0 अतुल वर्मा, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## धूमनगंज पुलिस ने सबसे पहले दर्ज किया पहला मुकदमा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** सोमवार को नए कानूनों के लागू होने के बाद जनपद में पहली एफआईआर धूमनगंज थाने में दर्ज की गई। मारपीट, गालीगलौज व धमकी देने के आरोप में सुलेमसराय निवासी अनीता देवी ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 352 और 351 (3) के तहत दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।
पूर्व में यह अपराध भारतीय दंड संहिता की धारा 321, 504 और 506 के तहत दर्ज किए जाते थे। एक जुलाई को जिले में नए कानून के तहत कुल 11 मामले दर्ज किए गए हैं।
महिला ने मारपीट गालीगलौज व धमकी देने का लगाया आरोप सुलेमसराय निवासी अनीता देवी पत्नी भारत लाल ने बताया कि वह सुबह 10 बजे के करीब घर के पास ही थी। तभी भानू व दो अन्य ने उसे व उसके पति से गालीगलौज की, विरोध पर मारापीटा, इसमें उसके पति के सिर पर चोट आई।
आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नवाबगंज व होलागढ़ थाने में नए कानून के संबंध में लोगों को किया गया जागरुक









**सबसे तेज प्रयागराज टीम**
**प्रयागराज।** सोमवार दिनांक 01.07.2024 से संपूर्ण भारत में लागू हुए 03 नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (इठरर), भारती साक्ष्य अधिनियम 2023 (इरअ), के संबंध में थाना परिसर नवाबगंज व होलागढ़ में पुलिस उपायुक्त गंगानगर सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव जंग बहादुर की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें थाना हाजा पर नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, पत्रकार बंधु और ग्राम प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।
पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती व सहायक पुलिस आयुक्त जंग बहादुर यादव द्वारा नई धाराओं के विषय में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया तथा व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज धर्मेंद्र दुबे,थानाध्यक्ष सविन तोमर, सीनियर सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अभय सिंह, पूर्व प्रधान रामजी शुक्ल, सोनू दुबे, जितेंद्र जायसवाल (पप्पू), सुबोध तिवारी, बृजलाल श्रीवास्तव समाजसेवी आदि समस्त सम्मानित क्षेत्रवासी एवं स्टॉप मौजूद रहे।
इसी प्रकार खीरी थाने में थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने जागरूक किया।

# खुद को तरोताजा बनाए रखने के लिए इन चीजों को जरूर बनाएं डाइट का हिस्सा



**मानसून का आगमन हो गया है लेकिन अभी भी उमस की वजह से काफी बेचैनी महसूस होती है। ऐसे में काफी पसीना भी निकलता है जिससे काफी थका हुआ महसूस होता है। ऐसे में अपने खाने में कुछ चीजों को शामिल करने से आपको काफी फायदा मिल सकता है। आइए जानें किन फूड आइटम्स को खाने से आपको फ्रेश और बेहतर महसूस हो सकता है।**

गर्मी का मार भले ही कम हो गई हो, लेकिन मानसून में हवा में नमी इतनी बढ़ जाती है कि इससे भी हमारा हाल बेहाल रहता है। भारत एक ट्रॉपिकल देश है, जहां हवा में उमस बढ़ने की वजह से काफी बेचैनी महसूस होती है। ऐसे में खुद को तरोताजा बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन आपको बता दें कि अपनी डाइट में कुछ खास चीजों को शामिल करके आप खुद को चुस्त और दुरुस्त रख सकते हैं। इनसे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा और आपको पोषण भी मिलेगा, जिससे मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करने में मदद मिलेगी। आइए जानें किन चीजों को खाने में शामिल करने से आपकी सेहत को फायदा मिलेगा और आप फ्रेश भी महसूस करेंगे।

**जीरा**

सुनने में आपको भले ही ऐसा लग सकता है कि इसमें क्या खास है, तो आपको जानकर हैरत होगी जीरा ठंडी तासीर का होता है, जिससे पेट की गर्माहट दूर होती है और पाचन से जुड़ी परेशानियां नहीं होती। जीरे को आप सब्जी या दाल में छोंक मारने के लिए इस्तेमाल करते होंगे, लेकिन इसे भुनकर इसका पाउडर बनाकर आप अन्य चीजों में भी इसे शामिल कर सकते हैं। जैसे सलाद का स्वाद बढ़ाने के लिए आप उसमें थोड़ा जीरा पाउडर मिला लें।

**तरबूज**

तरबूज में भारी मात्रा में पानी मौजूद होता है। एक तरबूज में 99 प्रतिशत पानी मौजूद होता है। इसलिए इन्हें खाने में शामिल करने से आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी, जो मानसून में काफी जरूरी होता है। इस मौसम में उमस की वजह से पसीना बहुत आता है, इसलिए हाइड्रेटेड रहना बेहद जरूरी है। साथ ही, तरबूज में कई पोषक तत्व भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

**छाछ**

ठंडा-ठंडा छाछ पीते ही शरीर तरोताजा महसूस करने लगता है। इसलिए छाछ को डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं। यह पाचन को दुरुस्त रखता है। इसे दही से बनाया जाता है, इसलिए इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो गट हेल्थ को बेहतर बनाते हैं। इसलिए रोज छाछ पीना काफी फायदेमंद होता है। इसे आप अलग-अलग तरीकों से बना सकते हैं, जैसे मसाला छाछ, प्लेन छाछ आदि।

**सत्तू**

सत्तू चने को भूनकर और फिर पीसकर बनाया जाता है। इसमें प्रोटीन और फाइबर दोनों भरपूर मात्रा में होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। फाइबर पाचन के लिए काफी जरूरी होता है और इससे काफी देर तक पेट भी भरा रहता है। इसलिए इस मौसम में सत्तू का शरबत पीना भी काफी फायदेमंद रहेगा और आपको फ्रेश भी महसूस होगा।

**लौकी**

लौकी एक ऐसी सब्जी है, जिसे बिल्कुल न के बराबर मात्रा में तेल और मसाले का इस्तेमाल करके बनाया जाता है। इसलिए इसे खाने से पाचन तंत्र पर अधिक दबाव नहीं पड़ता और साथ ही, लिवर के लिए भी फायदेमंद होती है। इसलिए लौकी को डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं।

**प्याज**

कच्चा प्याज पीने से गर्मी से शरीर को होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। इसमें पानी के साथ-साथ कई जरूरी खनीज भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। ऐसे में रोज खाने के साथ कच्चा प्याज जरूर खाएं। इससे शरीर में पानी की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी।

**सलाद**

सलाद शरीर में पानी की कमी को पूरा करते हैं और साथ ही, पाचन को भी बेहतर बनाता है। इसलिए अपने खाने में खीरा, ककड़ी, टमाटर, प्यार, मूली आदि का सलाद जरूर खाएं। इससे भी आपको काफी फ्रेश महसूस होगा।

# बदलती भू-राजनीति के बीच कुछ नाटकीय भारतीय बदलाव



%भू-अर्थशास्त्र% शब्द का पहली बार इस्तेमाल एडवर्ड लुटवाक ने 1990 में किया था। लुटवाक ने तर्क दिया कि शीत युद्ध की वैचारिक प्रतिद्वंद्विता की जगह दुनिया भर में आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने ले ली है, जिसमें व्यापार और वित्त सैन्य शक्ति पर हावी हो जाते हैं। भू-अर्थशास्त्र ज्ञान की एक शाखा के रूप में भू-राजनीति से उभरा है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध राजनीतिक संबंधों द्वारा निर्देशित होते हैं।

भारत की भू-आर्थिक और भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बढ़ रही हैं और इसके साथ ही एक ऐसा बदलाव आया है जो नेहरूवादी युग के दौरान बनाए गए लंबे समय से चले आ रहे समय द्वारा परीक्षित पदों और गठबंधनों को चुनौती देता है और जो गणतंत्र के पहले 75 वर्षों में मजबूत हुआ है। भारत के पदों में यह बदलाव संभवत॒ बेंजामिन नेतन्याहू के इजरायली शासन के साथ बढ़ती निकटता में सबसे अच्छी तरह से देखा जा सकता है, जिस पर गाजा में निरंतर और अथक नरसंहार का आरोप लगाया गया है। भारत में आंतरिक रूप से इस गहरे नीतिगत बदलाव पर पूर्ण सहमति नहीं है।

विदेश नीति, भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र के क्षेत्रों में आम सहमति की आवश्यकता शायद कम महसूस की जाती है, जिनमें से सब देश में चर्चा का विषय नहीं हैं। आम नागरिक या छात्र आम तौर पर विदेश नीति, व्यापार संबंधों या राजनीतिक झुकाव और अर्थशास्त्र के साथ उनके अंतर्संबंधों की बारीकियों में शामिल नहीं होते हैं। फिर भी, इस बदलाव के महत्व को रेखांकित करने की आवश्यकता है। साथ ही भारत में स्पष्ट रूप से चल रहे पुनर्रेखण पर बहस या आम सहमति की कमी भी है। यह वैश्विक मामलों में एक कठिन समय में आया है।गौर करें कि पिछले महीने जारी की गई 2023-24 की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन और इससे होने वाली अक्षमताओं पर जोर दिया गया है, जो एक ऐसी दुनिया में आती है जहां वैश्वीकरण पीछे हटता हुआ दिखाई देता है। 30 मई, 2024 की आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट (भाग 1॒ मूल्यांकन और संभावनाएं, पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बार) में %भू-राजनीतिज् और %भू-अर्थशास्त्र% शब्द 16 बार दिखाई देते हैं, जो इस बात का संकेत है कि भू-राजनीति की मांगों और आवश्यकताओं के संदर्भ में राजनीति द्वारा अर्थशास्त्र को कैसे बाधित किया जा रहा है। जोर (या कुछ लोग इसे बहुत जोर कह सकते हैं) हमें बताता है कि मुद्दों का एक पूरा दायरा, जैसे कि बाहरी क्षेत्र जिसमें व्यापार, पूंजी प्रवाह और मुद्रा की चाल, कच्चे तेल की कीमतें और उनकी चाल, वैश्विक वित्तीय बाजार, वैश्विक मुद्रास्फीति और विदेशी मुद्रा बाजार शामिल हैं, वैश्विक स्तर पर इतने गहराई से जुड़े हुए हैं कि वैश्वीकरण के सिद्धांतों से हटकर वैश्वीकरण के युग में जाने से बड़ी नई और गंभीर आर्थिक चुनौतियां आएंगी।फिर भी, ये चुनौतियां एक ऐसे विश्व में आ रही हैं, जहां तनाव बढ़ रहा है और सीमाएं बंद होने का खतरा, राष्ट्रीय एजेंडा का सुदृढ़ीकरण और वैश्वीकरण तथा बहुपक्षवाद के विरुद्ध एक मज़बूत राष्ट्र-राज्य की प्राथमिकताएं बढ़ रही हैं। जैसा कि आरबीआई की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है- समकालिक मौद्रिक नीति में सख्ती के साथ-साथ भू-राजनीतिक संघर्षों के बढ़ने के कारण अस्थिरता बढ़ने के बीच वैश्विक वित्तीय स्थितियां कठिन हो गई हैं।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ के अनुसार, %हम देखते हैं कि पहले से ही व्यापार और निवेश प्रवाह भू-राजनीतिक रेखाओं के साथ पुनर्निर्देशित किए जा रहे हैं।% स्टैनफोर्ड इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक पॉलिसी रिसर्च में अपने मई 2024 के भाषण (%भू-राजनीति और वैश्विक व्यापार और डॉलर पर इसका प्रभाव%) में उन्होंने कहा कि व्यापार तनाव बढ़ने के बाद 2017 और 2023 के बीच अमेरिकी आयात में चीन की हिस्सेदारी में आठ प्रतिशत अंकों की गिरावट आई है और चीन के निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी में लगभग चार प्रतिशत अंकों की गिरावट आई है। यूक्रेन के साथ संघर्ष और उसके बाद रूस पर प्रतिबंधों के बाद रूस और पश्चिम के बीच सीधा व्यापार ध्वस्त हो गया।

भू-राजनीतिक तनाव बेशक नए नहीं हैं; वे विश्व युद्धों के दौरान सामने आए।

इसका आर्थिक परिणाम विदेशी व्यापार, सीमा पार पूंजी प्रवाह, मुद्रा चाल और श्रम के प्रवास के पैटर्न और दिशाओं में प्रकट हुआ। सोवियत संघ (यूएसएसआर) का पतन, एक नई आर्थिक शक्ति के रूप में चीन का उदय, यूरोपीय संघ का गठन, एक आधिपत्य के रूप में यूएसए का उदय और सबसे हाल ही में, इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर नए सवाल ने, जिन्हें नरसंहार के रूप में देखा जा रहा है, विश्व राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में एक प्रतिमान परिवर्तन किया है, जिससे बहुपक्षीय सहयोग और आर्थिक शासन की बहुपक्षीय प्रणालियों को खतरा पैदा हो गया है।

परिणामस्वरूप इन घटनाक्रमों ने अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। विश्व आर्थिक व्यवस्था विकास और कल्याण-उन्मुख कार्यक्रमों पर सार्वजनिक व्यय से रक्षा व्यय के उच्च स्तर पर परिवर्तन का सामना कर रही है।भू-अर्थशास्त्र शब्द का पहली बार इस्तेमाल एडवर्ड लुटवाक ने 1990 में किया था। लुटवाक ने तर्क दिया कि शीत युद्ध की वैचारिक प्रतिद्वंद्विता की जगह दुनिया भर में आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने ले ली है, जिसमें व्यापार और वित्त सैन्य शक्ति पर हावी हो जाते हैं। भू-अर्थशास्त्र ज्ञान की एक शाखा के रूप में भू-राजनीति से उभरा है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध राजनीतिक संबंधों द्वारा निर्देशित होते हैं। पुरानी अंग्रेज़ी कहावत को उद्धृत करते हुए, %व्यापार झंडे का अनुसरण करता है और झंडा व्यापार का अनुसरण करता है%, जिसका पहली बार उपनिवेशों के संदर्भ में उपयोग किया गया था जब इसे 1894 में ई. कोबहम ब्रेवर ने गढ़ा था, लेकिन अब इसका उपयोग राजनीति और अर्थशास्त्र के सह-आंदोलन को उजागर करने के लिए किया जाता है। फिर भी, जैसा कि कुछ लोग तर्क देंगे, उपनिवेशवाद का अंतर्निहित बोझ अपरिवर्तित है, वैश्विक व्यापार नई कब्ज़ाकारी शक्ति के रूप में है जिसमें भारत भी हिस्सा चाहता है!

ब्रिक्स देशों में चीन नई आर्थिक शक्ति और भू-राजनीतिक ताकत के रूप में उभरा है, जिससे हमें आईएमएफ द्वारा अमेरिकी झुकाव वाले देशों, चीन झुकाव वाले देशों और गुटनिरपेक्ष देशों के रूप में ब्लॉकों का वर्गीकरण मिला है। चीन ने भू-राजनीति में अपने लिए एक स्थान हासिल कर लिया है। इसे दर्शाते हुए, चीनी मुद्रा रेनमिनबी को आईएमएफ द्वारा मुद्राओं की टोकरी में शामिल किया गया है। इसके अलावा चीन का विदेशी मुद्रा भंडार 3.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (अप्रैल 2024) था, जो वैश्विक व्यवस्था में इसकी बढ़ती वित्तीय ताकत का संकेत है। कच्चे तेल के भंडार (भू-आर्थिक उत्तोलन) और मजबूत सैन्य अड्डे (भू-राजनीतिक उत्तोलन) के साथ रूस भू-राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। भू-राजनीति के संदर्भ में भारत की स्थिति संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस दोनों के साथ सामंजस्यपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक संबंध बनाए रखने की उसकी प्रतिबद्धता है। अमेरिका के संबंध में 2022-23 के दौरान भारत का कुल विदेशी व्यापार समग्र का 24.44त्न था (निर्यात में 17.41प्रतिशत हिस्सा और आयात में 7.03 प्रतिशत हिस्सा)। चीन के साथ भारत का व्यापार कुल विदेशी व्यापार का 17.18प्रतिशत था (निर्यात में 3.39त्न हिस्सा और आयात में 6.47प्रतिशत हिस्सा)।

मोटे तौर पर ऊपर बताए गए ब्लॉकों में भारत कहां खड़ा है? क्या यह अमेरिका की ओर झुकाव वाला है, चीन की ओर झुकाव वाला है, गुटनिरपेक्ष है या हर जगह साझेदारी के लिए तैयार है? आधिकारिक रुख यह है कि भारत की विदेश नीति का उद्देश्य पारंपरिक गुटनिरपेक्षता की ओर झुकाव से बहु-गठबंधन की ओर बढ़ना है।

आरबीआई द्वारा प्रकाशित 2022-2023 के दौरान भारत के विदेश व्यापार के आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है। अमेरिका और चीन को छोड़कर अन्य देशों के साथ भारत का विदेशी व्यापार 2022-23 के दौरान कुल विदेशी व्यापार का 58.38 प्रतिशत था, जिसमें से विदेशी व्यापार में यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 21.70प्रतिशत और ओपेक देशों की 33.4प्रतिशत थी। इसके विपरीत, एक दशक पहले (2013-14) अमेरिका और चीन को छोड़कर कुल विदेशी व्यापार का हिस्सा 83.3प्रतिशत था, जिसमें से विदेशी व्यापार में यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 13.24प्रतिशत और ओपेक देशों की 31.26प्रतिशत थी। जैसा कि देखा जा सकता है, दशक के दौरान अमेरिका और चीन के साथ भारत के व्यापार संबंध 2013-24 में 16.7 प्रतिशत की तुलना में 2022-23 में 41.62 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जो एक झुकाव का संकेत देता है।

संक्षेप में, व्यापार विशेषज्ञता और वैश्वीकरण से दक्षता लाभ पीछे हटने वाले वैश्वीकरण से खतरे में हैं। जैसा कि आईएमएफ ने कहा है, %भले ही विश्वास को फिर से बनाना मुश्किल है और इसमें समय लग सकता है, लेकिन तेजी से विखंडित हो रही दुनिया में सबसे बुरे परिणामों से बचना महत्वपूर्ण है। आर्थिक एकीकरण से प्राप्त कुछ भारी लाभों को संरक्षित करना उचित है, जिसने दुनिया को अधिक समृद्ध और अधिक सुरक्षित बनाया है।

## संपादकीय

# लोकतंत्र की दरकार

देश में लंबे चले चुनाव अभियान और चुनाव परिणाम के बाद अस्तित्व में आयी 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो चुकी है। राजग की लगातार तीसरी पारी गठबंधन सरकार के रूप में सामने आई है। निश्चित रूप से इस बार विपक्षी गठबंधन पिछले दशक के मुकाबले ज्यादा मजबूत बनकर उभरा है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव से ठीक पहले राहुल गांधी का विपक्ष का नेता चुना जाना साफ बताता है कि आने वाले दिनों में राजग सरकार की राह आसान नहीं रहने वाली। इस संक्षिप्त सत्र के दूसरे दिन लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सत्ता-पक्ष व विपक्ष के बीच जो तनातनी सामने आई, वह पिछले सात दशकों के मुकाबले अभूतपूर्व है। विपक्ष एक ओर लोकसभा उपाध्यक्ष पद देने की मांग कर रहा था, तो सत्ता पक्ष ऐसा करने को तैयार नहीं था। जाहिर इस टकराव के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराने की स्थितियां बनी हैं। हालांकि, राजग सरकार के पास चुनाव पूर्व गठबंधन के चलते पूर्ण बहुमत है, लेकिन विपक्ष इस चुनाव को अपनी एकजुटता के रूप में एक प्रतीकात्मक दबाव के रूप में दिखाना चाहेगा। बहरहाल, बेहतर होता कि लोकसभा में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर चयन सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सहमति से होता। इसी तरह नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाने के लिये नियुक्त प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति को लेकर भी सत्ता पक्ष व विपक्ष में तनातनी देखी गई। वरिष्ठता के क्रम में इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस की दावेदारी की गई थी। बहरहाल, 18वीं लोकसभा की शुरुआत में ही पक्ष-विपक्ष के बीच तनातनी की शुरुआत स्वस्थ लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत तो कदापि नहीं है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि 17वीं लोकसभा के दौरान टकराव के चलते तमाम सत्रों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा। उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में घुसपैठ के मामले में बहस की मांग पर कथित दुर्व्यवहार हेतु 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। जिसमें 95 लोकसभा सदस्य थे।उम्मीद की जानी चाहिए 18वीं लोकसभा में वैसे दृश्य फिर न देखने को मिलें। जनता अपने प्रतिनिधियों को इस लिये चुनकर संसद में भेजती है ताकि वे उनके इलाके के विकास को नई दिशा दे सकें। लेकिन पहले दिन विपक्षी नेताओं द्वारा संसद में संविधान की प्रतियों के साथ एकजुटता दर्शाना और कतिपय सत्तारूढ़ दल के सांसदों के शपथ ग्रहण के दौरान नारेबाजी को देखकर लगता है कि विपक्ष ज्यादा मुखर होकर सरकार के लिये चुनौती पेश करता रहेगा। बहरहाल, किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सरकार सहमति से चले। साथ ही विपक्ष भी जिम्मेदार भूमिका में नजर आए। कुल मिलाकर हंगामे, बहिष्कार व नारेबाजी के बजाय रचनात्मक व गरिमामय भूमिका की दरकार है। स्वस्थ लोकतंत्र की दरकार है सरकार के निर्णयों में हर छोटे-बड़े राजनीतिक दल की भागीदारी हो। सत्तारूढ़ दल को भी इस बात का बखूबी अहसास होना चाहिए कि इस बार विपक्ष मजूबती के साथ लोकसभा में उपस्थित हुआ है। उसके साथ वैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता है जैसा कि राजग सरकार के पिछले दो कार्यकालों में नजर आया था। ऐसे में राजग सरकार को विपक्षी सहयोग से सदन को चलाना होगा। विपक्षी नेताओं के साथ मित्रवत व्यवहार ही सरकार की कार्यशैली को रवानगी देगा। अन्यथा लगातार टकराव की स्थिति बनी ही रहेगी। जिससे सत्तापक्ष व विपक्ष को लगातार बचने का प्रयास करना होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाता है। जिसे सार्थक बनाने का दायित्व सत्तारूढ़ व विपक्षी सांसदों के पास है। लगातार टकराव व हंगामे का दुनिया में कोई अच्छा संदेश नहीं जाएगा। किसी भी कलह से घिरी सरकार पर कई तरह के अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने शुरू हो जाते हैं, जिससे देश की अंतर्राष्ट्रीय छवि भी प्रभावित होती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि 18वीं लोकसभा में पक्ष-विपक्ष मनभेद-मतभेद भुलाकर नये भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। देश के सामने बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, महंगाई और विकास से जुड़ी तमाम चुनौतियां खड़ी हैं, सरकार और विपक्ष को इसका एकजुट होकर मुकाबला करना चाहिए।

# टूटी-फूटी सड़कों पर टोल-टैक्स लेना ज्यादती है

बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं।

किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता



के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए।

नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। लेकिन बिना सुविधा के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनूमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है।

इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले।

राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है।

किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लिये परेशानी का सबब है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क निर्माण और रखरखाव के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल रहा है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि एचएचआई ने टोल अनुबंधों को आकार देने और निगरानी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है और टोल सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की है। रिपोर्ट में टोल संग्रह प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी और दोषपूर्ण टोल प्लाजा, ओवरचार्जिंग और लंबी कतारों के कारण सड़क उपयोगकर्ताओं को होने वाली परेशानी और असुविधा पर भी प्रकाश डाला गया है। इन सभी हालातों को देखते हुए भारत में राजमार्गों एवं सुविधा की सड़कों के नाम पर हो रही टोल टैक्स वसूली को औचित्यपूर्ण एवं न्यायसंगत बनाने की अपेक्षा है। सुविधा के नाम असुविधाओं, असुरक्षा एवं धोखाधड़ी की बढ़ती स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा।

# सीएचसी स्योहारा में स्वास्थ्य कर्मियों को 11 जुलाई 2024 से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाए जाने का दिया गया प्रशिक्षण- डॉ स्नेही

संजीव विश्वकर्मा
सबसे तेज प्रयागराज

**बिजनौर!** स्योहारा शासन के आदेशों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश में अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों को 11 जुलाई से 24 जुलाई तक मनाए जाने वाले जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजन के क्रम में अवगत कराना है कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने हेतु परिवार नियोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है ।भारत के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रजनन दर की प्रतिस्थापन स्तर हासिल कर ली है, जिनमें से प्रदेश की कुल प्रजनन दर 2.4 है जबकि जनपद की कुल प्रजनन दर 2.7 है।प्रदेश एवं जनपद में जनसंख्या स्थलीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 को प्राप्त करने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है ।सेवाओं की अनुउपलब्धता के कारण अन चाहे गर्भधारण की वृद्धि हो सकती है ,जिसके कारण मातृ मृत्यु दर , रुग्णता और नवजात स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।



वर्तमान प्रदेश में आवश्यक प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं ,आधुनिक स्थाई व अस्थाई गर्भनिरोधक साधनों (अल्प एवं दीर्घ अवधि )पर आधारित होनी चाहिए जो की लाभार्थी द्वारा आवश्यकता अनुसार अपनाई जा सके ।इन साधनों की उपयोग के बारे में लाभार्थी को जानकारी, परामर्श तथा सुचारू रूप से उपेक्षित सेवाएं (आपातकालीन गर्भनिरोध सहित )समय से प्राप्त होनी चाहिए ,यह गर्भावस्था के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के स्वास्थ्य समय और अंतराल को भी बढ़ावा देता है ।इस संदर्भ में विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा अभियान/ डब्लूपीडी जागरूकता बढ़ाने ,सक्रिय उपायो में तेजी लाने और परिवार नियोजन के महत्व पर जोर देकर प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी पूरे एक माह का अभियान चलाया जाने का निर्णय लिया गया है। विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा अभियान से संबंधित दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने विश्व जनसंख्या दिवस डब्लू पीडी 2024 के लिए निम्नलिखित थीम और स्लोगन कार्ड चयन किया है ।इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 2024 की थीम है। "हेल्दी टाइमिंग और स्पेसिंग ऑफ प्रेगनेंसी फॉर वेल बीइंग ऑफ मदर एंड चाइल्ड "तथा विश्व जनसंख्या दिवस 2024 का स्लोगन है।" विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की शान।"विश्व जनसंख्या दिवस 2024 निम्न चरणों में मनाया जाना है ।प्रारंभिक चरण 1 जून से 20 जून 2024 तक ,कम्युनिटी मोबिलाइजेशन पखवाड़ा ,27 जून से 10 जुलाई 2024 तक ,सेवा प्रदायगी पखवाड़ा ,11 जुलाई से 24 जुलाई 2024तक पुरस्कार एव सम्मान समारोह ।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही बताया कि इस अभियान के दौरान हमारे सीएचसी स्योहारा पर हर माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शुक्रवार को महिला एवं पुरुष नसबंदी कैंपों का आयोजन सीएससी सिहोरा पर किया जाता है ।इच्छुक लाभार्थी आकर के इस सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।साथ ही इस सेवा के दौरान आवश्यक प्राप्त प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है जिसमें महिला नसबंदी पर ?2000 तथा पुरुष नसबंदी पर ?3000 का प्रावधान है साथ ही प्रेरक को क्रमशः 300 एवं ?400 देने का प्रावधान है इस दौरान आईओ वीर सिंह ,हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार सिंह ,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी कोमल सिंह ,बीपीएम प्रमोद कुमार , बीसीपीएम सुधीर कुमार ,दिनेश कुमार डब्ल्यू एच ओ मॉनिटर के साथ डाटा ऑपरेटर अनम समेत अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## देश में नए कानून की धाराएं लागू होने पर फूलपुर थाना परिसर में नागरिकों के साथ पुलिस ने की बैठक



मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर।** देश में नए कानून की धाराओं में बड़े पैमाने पर परिवर्तन को लेकर सोमवार को फूलपुर थाना परिसर में एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी फूलपुर दीन दयाल सिंह ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक करके देश में 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की उपरोक्त पुलिस अधिकारियों ने कहा कि देश भर एक जुलाई से नया कानून व्यवस्था लागू हो रही है जिसमे कानून की धाराओं में बड़े पैमाने पर देश की आजादी के बाद परिवर्तन हुआ है इसे सभी को समझने की जरूरत है उपरोक्त अधिकारियों ने कहा की लूट ,हत्या,जान से मारने की धमकी हत्या का प्रयास,दहेज हत्या सहित अधिकांस कानून की धाराओं में बड़े पैमाने पर परिवर्तन किया गया है जिसे प्रभावी ढंग से पूरे देश में लागू कर दिया गया है कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिकों को इसे गंभीरता से समझते हुए अपने आस पास के लोगो को समझने की जरूरत है। इस मौके पर वरिष्ठ प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष जगदीश कुमार गुप्ता,प्रधान धर्म पाल बिंद,राम पदार्थ पटेल,सिंगर विकास मिश्रा,तुलसीराम यादव,सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा ने पुलिस बल के साथ की पैदल गश्त, सुरक्षा का दिलाया भरोसा





स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। जनपद में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। सभी संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार की शाम थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा आशुतोष सिंह ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कस्बा पश्चिम शरीरा व अषाढ़ा सहित अन्य मुख्य मार्ग, चौराहा, बाजार, व संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त किया। गश्त दौरान उन्होंने आमजन से वार्ता करते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया। इसी प्रकार...* थाना पश्चिम शरीरा के अषाढ़ा चौकी इंचार्ज मनीष पाल व उप निरीक्षक सुभाष द्वारा पुलिस बल के साथ क्षेत्र के चौराहा, बाजार, एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज मनीष पाल ने शांति-व्यवस्था को लेकर लोगों से बातचीत करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, ऐसी किसी भी जानकारी पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसके बाद उन्होंने पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए, आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की।

# डीएम ने अपने हॉथ से बच्चों का नवीन प्रवेश डिजिटल रजिस्टर में किया

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी।** शासन के निदेर्शानुसार सोमवार जनपद के समस्त 1089 परिषदीय विद्यालयों एवं 8 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों द्वारा प्रवेश उत्सव को भव्य रूप देते हुए विद्यालयों को फूल, पत्तों, रंगोली एवं गुब्बारों आदि से सजाया गया तथा विद्यालय में आने वाले नव-प्रवेशित बच्चों को रोली-चन्दन का टीका लगाकर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राथमिक विद्यालय बबुरा एवं प्राथमिक विद्यालय समदा का निरीक्षण कर टैबलेट में ऑनलाइन उपस्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने एवं अभिभावकों से नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की तथा स्वयं अपने हॉथ से बच्चों का नवीन प्रवेश डिजिटल रजिस्टर में किया। मुख्य विकास अधिकारी



डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कम्पोजिट विद्यालय कादीपुर (1-8), कम्पोजिट विद्यालय रोही, प्राथमिक विद्यालय पल्हाना उपरहार एवं कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्कूल चलो अभियान क्रार्यक्रम तथा विशेष संचारी रोग अभियान व वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर नव प्रवेशित कक्षा-1 के दिव्यांशी व माही को माला पहनाकर स्वागत किया। बच्चों को रूचिकर भोजन खीर, हलवा आदि का वितरण किया गया।

जनपद स्तरीय/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, जिला समन्वयक, डायट व ए0आर0पी0 द्वारा आवंटित विद्यालयों में उपस्थित होकर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया गया।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया प्रयागराज जंक्शन स्टेशन का किया निरीक्षण



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** नवागत महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने प्रयागराज जंक्शन पर स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुंभ की तैयारियों का भी जायजा लिया।प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के निरीक्षण में महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा के साथ मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज हिमांशु बडोनी; प्रयागराज जंक्शन के स्टेशन निदेशक वी के द्विवेदी एवं निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ थे।

महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, अशोक कुमार वर्मा ने प्लेटफार्म संख्या 4/5 पर चल रहे विकास कार्य का जायजा लेते समय अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों में मानकों को विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए । इसी क्रम में स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के सिविल लाइन साइड चल रहे निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कियो इस अवसर पर निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा स्टेशन पुनर्विकास के चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक को दी गईं

महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, अशोक कुमार वर्मा ने आगामी कुम्भ -2025 की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में स्टेशन के सिटी साइड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया । कुंभ -2025 में भीड़ के प्रबंधन, टिकट वितरण, सुरक्षा इंतजाम जैसी व्यवस्थाएं कैसे कार्य करेंगी इस पर मंडल रेल प्रबंधक एवं उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की ।

## प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर मध्य प्रदेश में लगेंगे 5 .50 करोड़ पौधे : मोहन यादव

**भोपाल । प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की बात करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र किया। मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 5.50 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को बाग मुगलिया मिसरोद मंडल के बूथ क्रमांक 302 स्थित विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व पर्यावरण दिवस से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र किया और कहा कि मैंने भी अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाया है।

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पौधरोपण करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक अभियान शुरू किया है, इसके हम भी हिस्सेदार बन रहे हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में 6 जुलाई को 12 लाख पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, 7 से 14 जुलाई के बीच इंदौर में 51 लाख पौधे लगाए जाने वाले हैं। राज्य में लगभग 5.50 करोड़ पौधे लगने वाले हैं। बता दें कि राज्य में सरकार बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने जा रही है। पूर्व में विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा तक 'जल गंगा संरक्षण अभियान' चलाया गया था। अब सरकार ने पौधरोपण अभियान को चलाने का फैसला किया है।

# सीडीओ ने की स्वीकृत ऑगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्र समसपुर, अमनीलोकीपुर, वीरनपुर, उमरछा, बरैसा, मदारी का पूरा, बदलेपुर, विनौरा, फताहीपुर, शिवरा, खरौना, रायपुर, बरूआ, भगवतपुर, इटैलीपुर, इचौली, बम्बूपुर, कुण्ड्रावी, रमसहायपुर, टेंगाई, सौरंई खुर्द, शमसाबाद, रामपुर सुहेला, सेलरहापूरब, बसोहिनी, मोंगरीकड़ा, हिसामपुर माढ़ो, गनपा एवं अंदावां में निर्माण कार्य आरम्भ न होने के कारण सम्बन्धित सचिव, ग्राम पंचायत को तत्काल कार्य आरम्भ कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सचिव अमीनलोकीपुर, बैरसा, विनौरा, फताहीपुर, शाखा, इचौली, टेंगाई, सौरईंखुर्द, को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अन्दर प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये।



बैठक में बताया गया कि स्वीकृत 45 ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन- ऑगनबाड़ी केन्द्र समसपुर ऑगनबाड़ी केन्द्र बलिहावां देह, ऑगनबाड़ी केन्द्र अमनीलोकीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र जलालपुर बोरियो, ऑगनबाड़ी केन्द्र नसीरपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र मोहिउद्दीनपुर गौस, ऑगनबाड़ी केन्द्र वीरनपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र उमरछा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बरैसा,ऑगनबाड़ी केन्द्र नेवारी, ऑगनबाड़ी केन्द्र पाराहसनपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र विनौरा एवं फताहीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र शिवरा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बैरमपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र रानीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र खरौना, ऑगनबाड़ी केन्द्र रायपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र बरूआ, ऑगनबाड़ी केन्द्र भगवतपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र इटैलीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र इचौली, ऑगनबाड़ी केन्द्र पती का पूरा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बम्बूपुर-1, 2, 3, ऑगनबाड़ी केन्द्र कुन्ड्रावी-1, 2, ऑगनबाड़ी केन्द्र टेंगाई-1, 2, 3, ऑगनबाड़ी केन्द्र रमसहायपुर-1, ऑगनबाड़ी केन्द्र सौरई खुर्द-3, ऑगनबाड़ी केन्द्र शमसाबाद-4, ऑगनबाड़ी केन्द्र चकिया, ऑगनबाड़ी केन्द्र गिरधरपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र मोंगरी कड़ा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बसोहनी, ऑगनबाड़ी केन्द्र रामपुर सुहेला एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र सेलरहा पूरब, ऑगनबाड़ी केन्द्र पेरई, ऑगनबाड़ी केन्द्र हिसामपुर माढ़ो, ऑगनबाड़ी केन्द्र गनपा-6, ऑगनबाड़ी केन्द्र शीतलपुर एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र रामपुर बढ़नावां 06 विकास खण्डों में कुल 45 ऑगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के लिए चयनित हैं।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता, सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम्बन्धित अवर अभियन्ता, (ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सचिव एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

## टाटा मैजिक से तीन मवेशी बरामद एक आरोपी गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज मय पुलिस टीम द्वारा परसौनी बुजुर्ग कोईरी टोला मोड़ नहर के पास से 1 अदद महेन्द्रा सुप्रो मैजिक वाहन से बध हेतु तस्करी कर ले जायी जा रही 03 राशि गोवंशीय पशुओं के साथ 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## दतिया में शराब पीने को लेकर हुए विवाद में गोली चली, एक महिला की मौत, एक गंभीर

**दतिया। मध्य प्रदेश** के दतिया जिले में शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि शनिवार देर रात गोलियां भी चलीं, जिसमें एक महिला की मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वनवास गांव में शराब पीने को लेकर रतिराम यादव और सरपंच के भाई रविंद्र के बीच हुए विवाद ने शनिवार देर रात खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि सरपंच अपने साथियों के साथ रतिराम के घर पहुंचा और मारपीट की। इसी दौरान फायरिंग भी हो गई। एक गोली रतिराम की बहू अहिल्या को लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी भतीजी भी गंभीर रूप से घायल हुई है। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

बताया गया है कि शुक्रवार की शाम को रतिराम यादव का सरपंच अरविंद यादव के भाई रविंद्र से शराब पीने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान गांव के लोगों ने दोनों ही पक्षों को समझाया और किसी तरह मामला शांत हुआ।

शनिवार की देर रात को हुई फायरिंग के बाद पुलिस बल गांव पहुंचा और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

# फिरोजपुर सीमा पर बीएसएफ ने हेरोइन का पैकेट बरामद किया

**फिरोजपुर। पंजाब के** फिरोजपुर सीमा पर बीएसएफ के जवानों ने मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। फिरोजपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में रविवार सुबह ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने एक संदिग्ध पैकेट देखा। इसके बाद जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान जवानों ने फिरोजपुर जिले के कालू वाला गांव से सटे सीमा सुरक्षा बाड़ के पास हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया।

## देश में सकारात्मक माहौल बनाने में 'मन की बात' कारगर : मोहन यादव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की, जिनमें उन्होंने एनडीए सरकार को फिर से चुनने के लिए मतदाताओं का धन्यवाद किया।

पीएम मोदी के 'मन की बात' को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश में सकारात्मक माहौल बनाने में 'मन की बात' की महत्वपूर्ण भूमिका है। मैनें भी इस प्रसारण को सुना। केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने के बाद यह पहला 'मन की बात' का प्रसारण था, जिसके लिए मैं पीएम मोदी को बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कई नवाचार किए। 'मन की बात' में पीएम मोदी ने भारत की सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारतीय टीम का क्रिकेट मैच जीतना देशवासियों के लिए अद्भुत मौका है। भारत की टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया है। सूर्य कुमार का प्रदर्शन सभी को हमेशा याद रहेगा।

विधानसभा में विपक्ष की हंगामा करने की रणनीति पर सीएम मोहन यादव ने कहा कि विधानसभा में विपक्ष अपनी बात करेगा। यह उनका हक है। विपक्ष हमारी कमियां निकाले। हमें आगाह करे। सरकार अपनी अच्छी बात बताएगी।



# तृप्ति डिमरी ने ब्लैक ड्रेस पहन बढ़ाई इंटरनेट की गर्मी, Bad Newz एक्ट्रेस का बोल्ड लुक देख दीवाने हुए फैंस

'एनिमल' मूवी से अपनी एक अलग पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी आज फैंस के दिलों पर राज कर रही हैं। इस मूवी ने उनके करियर को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है। एक्ट्रेस के फैंस उनकी एक्टिंग के साथ-साथ उनके लुक के भी दीवाने हैं। ऐसे में वह अपने लुक को लेकर भी लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं।तृप्ति आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में उन्होंने कुछ फोटोज शेयर की हैं, जो उनके फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। इस लुक में एक्ट्रेस का कातिलाना अंदाज देखने को मिल रहा है।

**ब्लैक ड्रेस में तृप्ति का कहर**

एक्ट्रेस इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस मूवी में उनके साथ अभिनेता विक्की कौशल और एम्मी विर्क भी दिखाई देने वाले हैं। कुछ दिनों पहले इस मूवी का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था।फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में वह ब्लैक कलर की मिडी ड्रेस पहन कर पहुंची थीं। अब उन्होंने इस ड्रेस की कई फोटोज अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो बहुत ही ग्लैमरस लग रही हैं।काउल नेकलाइन वाली इस ड्रेस में तृप्ति डिमरी इंटरनेट का पारा बढ़ा रही हैं। वहीं, इसमें लगे क्रिस्टल उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं। अपनी इस ड्रेस के साथ एक्ट्रेस ने बालों को खुला रखा और कानों में ईयरिंग्स पहने हुए थे। वहीं, लाइट कलर की लिपस्टिक, छोटा हैंडबैग और हाई हील्स के साथ उन्होंने अपने इस लुक को पूरा किया।



**इस दिन आएगी एक्ट्रेस की मूवी**

तृप्ति डिमरी और विक्की कौशल स्टारर मूवी बैड न्यूज आने वाली 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही इसके बाद वह कार्तिक के साथ भूल भुलैया 3 में दिखाई देने वाली हैं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी को मुन्ना भाई एमबीबीएस में चोर बनने के लिए मिले थे इतने रुपये, जानकर लगेगा झटका



नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बेहतरीन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर, बजरंगी भाईजान, किक और बदलापुर जैसी फिल्मों से नाम कमाया है। मगर उन्होंने डेब्यू साल 1999 में आमिर खान की फिल्म सरफरोश से की थी। इस मूवी में उन्होंने क्रिमिनल का रोल किया था। इसके बाद उन्हें फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में छोटा सा रोल मिला था।2003 में रिलीज हुई संजय दत्त स्टारर फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने एक पॉकेट मार यानी चोर का किरदार निभाया था। उन्होंने छोटी सी भूमिका में दर्शकों का ध्यान खींच लिया था। इस फिल्म में इस रोल के लिए उन्हें कितनी फीस मिली थी, यह जान आप हैरान रह जाएंगे।





नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पढ़ाई पूरी करने के बाद 90 दशक के आखिर में मुंबई आकर संघर्ष किया। मुन्ना भाई एमबीबीएस मूवी मिलने से पहले अभिनेता छोटे-मोटे रोल कर दिन का 1 से दो या पांच हजार तक कमा लेते थे लेकिन राजकुमार हिरानी की मूवी के लिए जितनी उन्हें फीस मिली, वो जानकर वह हैरान रह गये थे।

**मुन्ना भाई एमबीबीएस में नवाजुद्दीन को मिली इतनी फीस**

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने खुलासा किया है कि उन्हें इस मूवी के लिए कितनी फीस मिली। अभिनेता ने कहा- मुन्ना भाई एमबीबीएस में मेरी भूमिका के लिए मुझे अच्छी फीस मिली थी। इस फिल्म से बड़े नाम जुड़े थे, उनके पास अच्छा पैसा था। मुझे अच्छा भुगतान किया गया था। मुझे लगता है कि मैंने अपनी भूमिका के लिए लगभग 20 हजार से 22 हजार रुपये कमाये थे। अन्य भूमिकाओं के लिए 1 हजार से 5 हजार रुपये मिलते थे। जब हमें 5 हजार रुपये मिलते थे, तो हम पागल हो जाते थे। हम बेहद खुश होते थे।

बात करें नवाज के वर्क फ्रंट की तो हाल ही में उनकी फिल्म रौतू का राज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। इसमें उन्होंने पुलिस की भूमिका निभाई है। मूवी को अच्छा रिव्यू मिला है।

## शत्रुघ्न सिन्हा को अस्पताल में क्यों किया गया भर्ती? बेटे लव सिन्हा ने बताई वजह



हाल ही में शादी के बंधन में बंधे सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल 29 जून को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के बाहर नजर आए, जिसके बाद ये खबर सामने आई कि शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल में भर्ती हैं. कहा जा रहा था कि रेगुलर हेल्थ चेकअप के लिए उन्हें एडमिट किया गया था. अब इस पर शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा का रिएक्शन सामने आया है.व ने इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में अपने पिता के अस्पताल में भर्ती होने की खबर को कंफर्म किया है. उन्होंने कहा, डैड को वायरल बुखार था और पिछले कुछ दिनों से उन्हें कमजोरी भी लग रही थी. इसलिए हमने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया.बहरहाल, इससे पहले शुत्रघ्न सिन्हा अपनी बेटी सोनाक्षी की शादी को लेकर लगातार चर्चा में थे. कहा जा रहा था कि वो जहीर इकबाल के साथ सोनाक्षी की शादी से खुश नहीं हैं और वो शादी में शामिल भी नहीं होंगे. हालांकि, ऐसा नहीं हुआ, वो शादी में शरीक हुए और उन्होंने अपनी बेटी-दामाद को आशीर्वाद दिया.

**कब हुई सोनाक्षी-जहीर की शादी ?**

सोनाक्षी और जहीर ने 23 जून को शादी की. पहले दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपनी शादी रजिस्टर करवाई और फिर उसके बाद मुंबई के बैस्टियन रेस्टोरेंट में एक शानदार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें सलमान खान, काजोल, तब्बू, रेखा, हुमा कुरैशी, साकिब सलीम, अली फजल, ऋचा चड्ढा समेत और भी कई फिल्मी सितारे शामिल हुए.बहरहाल, शत्रुघ्न सिन्हा लगभग 55 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहे हैं. उन्होंने साल 1969 में रिलीज हुई फिल्म 'साजन' से एक छोटे से रोल से शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्होंने ढेरों बेहतरीन किरदरा निभाए और लोगों को खूब एंटरटेन किया. वो पॉलिटिक्स में भी एक्टिव हैं. साल 2024 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी पार्टी की तरफ से उन्हें जीत मिली है. वो पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीट से सांसद चुने गए. इससे पहले साल 2022 के उपचुनाव में भी उन्हें इस सीट से जीत मिली थी.

## जिससे मूसेवाला की चलती थी कोल्ड वॉर, उस सिंगर के साथ विक्की कौशल बना रहे गाना



करण औजला का गाना सोफ्टली हाल ही में रिलीज हुआ था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ. लोगों ने उनके इस गाने पर जमकर ठुमके लगाए. इंस्टाग्राम पर यूजर्स ने इस गाने पर खूब रील बनाई. इन्हीं में विक्की कौशल का नाम भी शामिल था. जब सोफ्टली गाना आया था. तब इस पर विक्की कौशल का एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया था. अब विक्की करण के साथ गाना बना रहे हैं.रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी स्टारर कॉमेडी फिल्म 'बैड न्यूज़' में विक्की और करण औजला पहली बार एक साथ काम करने वाले हैं. बताया जा रहा है कि करण विक्की के साथ अपना पहला बॉलीवुड चार्टबस्टर लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. विक्की और करण आनंद तिवारी की फिल्म के जिस गाने पर साथ काम कर रहे हैं. वो एक पार्टी नंबर है.

**सिद्धू मूसेवाला और करण औजला**

कहा जाता है कि सिद्धू मूसेवाला और करण औजला के बीच तगड़ी राइवलरी चला करती थी. उनका झगड़ा 2017 में तब शुरू हुआ, जब सिद्धू ने करण को निशाना बनाने का एक वीडियो लीक कर दिया था. हालांकि बीच में दोनों के बीच का मनमुटाव ठीक हो गया था.

लेकिन सिद्धू पर डायरेक्ट किए गए औजला के डिस ट्रैक 'लिफाफे' के साथ ये फिर से शुरू हो गया. औजला ने इस दुश्मनी को सिद्धू की मौत के बाद ही सही, लेकिन खत्म कर दिया था.

**बैड न्यूज**

बैड न्यूज की बात करें तो फिल्म में तृप्ति डिमरी और विक्की कौशल के साथ एमी विर्क भी नजर आएंगे. फिल्म की स्टोरी भी इन तीनों के इर्द-गिर्द ही घूमती है. हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में फिल्म की कहानी की एक झलक देखने को मिली, जिसमें तृप्ति प्रेग्नेंट दिखाई गई हैं. विक्की के पास बैड न्यूज के अलावा पीरियड ड्रामा 'छावा' भी है. इसका निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है और इसमें वो रश्मिका मंदाना के साथ दिखेंगे. वो संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में भी काम करने वाले हैं.

## 'गलादेश के सांसद अनार की हत्या के सभी सात आरोपी गिरफ्तार



**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रांस में एक पर्यटक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई। बीएफएमटीवी समाचार चैनल के अनुसार विमान आइल-डी-फ्रांस क्षेत्र में फ्रांसीसी शहर कॉलेजियन के पास ए4 राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## पाकिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में छह की मौत, 25 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में पिछले पांच दिन में भारी वर्षा के कारण घटी घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गये। बलूचिस्तान के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से प्रमुख राजमार्ग अवरुद्ध हो गए और प्रांत के विभिन्न जिलों में कई वाहन फंस गए। उन्होंने बताया कि फंसे हुए यात्रियों के बचाव एवं उन्हें राहत पहुंचाने के लिए विशेष टीमें भेजी गई हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देश में आने वाले दिनों में और बारिश होने के आसार जताते हुए नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।



## पाकिस्तान में फुटपाथ से टकराकर पलटा वाहन, 7 लोगों की मौत व घायल

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के कराची में एक तेज रफ्तार वाहन के फुटपाथ से टकराकर पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना सिंध प्रांत में उस समय हुई जब एक ट्रेलर ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रहा कोस्टर (एक प्रकार का वाहन) उससे टकरा गया और पलट गया। पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि ट्रेलर का चालक भाग गया, जबकि कोस्टर का चालक इस हादसे में घायल हो गया। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक इस दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सिविल अस्पताल कराची में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच, सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।



## जर्मनी के एस्सेन में विरोध प्रदर्शन के दौरान 2 अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए

**बर्लिन।** जर्मन शहर एसेन में दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी पार्टी के खिलाफ एक बड़े विरोध प्रदर्शन के दौरान दो पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि सात और कानून प्रवर्तन अधिकारियों को मामूली चोटें आईं, एसेन पुलिस ने कहा। अपराधियों के एक समूह के बीच से एक राजनेता को ले जाते समय ... अज्ञात अपराधियों ने ड्यूटी पर मौजूद दो पुलिस अधिकारियों के सिर पर वार किया। जब पुलिस अधिकारी जमीन पर पड़े थे, तो उन्हें लात मारी गई। पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा, पुलिस ने शनिवार को एक बयान में कहा, साथ ही कहा कि हमले में सात और पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हुए। बयान में कहा गया है कि हमलावर भीड़ में भागने में सफल रहे और उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।





# उत्तर कोरिया ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया पर 'एशियाई संस्करण का नाटो' बनाने का आरोप लगाया

**एजेंसी**

**मॉस्को।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास की आलोचना की है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि इस तरह के सैन्य अभ्यास दिखाते हैं कि तीनों देशों के बीच संबंध नाटो के एशियाई वर्जन के रूप में विकसित हो गए हैं।

दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने गुरुवार को फ्रीडम एज नामक एक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें नौसेना के विध्वंसक, लड़ाकू जेट और परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अमेरिकी विमानवाहक पोत थियोडोर रूजवेल्ट शामिल है। इस ज्वाइंट मिलिट्री ड्रिल का उद्देश्य मिसाइलों, पनडुब्बियों और हवाई हमलों के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करना है।

**सैन्य अभ्यास का उद्देश्य कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव कम करना**

तीनों देशों के बीच इस संयुक्त सैन्य अभ्यास की योजना पिछले साल कैंप डेविड में तीन-तरफा शिखर सम्मेलन में बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य उत्तर कोरिया के हथियार परीक्षण से कोरियाई प्रायद्वीप पर उत्पन्न हो रहे तनाव को कम कर



सुरक्षा को मजबूत करना है।

केसीएनए समाचार एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्योंगयांग अमेरिका और उसके सहयोगियों के नेतृत्व वाले सैन्य ब्लॉक को मजबूत करने की अनदेखी नहीं करेगा। बयान में आगे कहा गया कि उत्तर कोरिया आक्रामक और जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ क्षेत्रीय शांति की रक्षा करेगा।

**सियोल के रक्षा मंत्रालय आलोचना को किया खारिज**

मंत्रालय ने यह भी कहा कि वाशिंगटन दक्षिण कोरिया और जापान को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) से जोड़ने के अपने प्रयास जारी रखे हुए है। बयान में कहा गया कि दक्षिण कोरिया की ओर से यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के प्रयास इसका एक बड़ा उदाहरण है।

वहीं, सियोल के रक्षा मंत्रालय नेएक बयान में कहा कि ÷फ्रीडम एज अभ्यास उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम के जवाब में था। मंत्रालय की ओर से प्योंगयांग की आलोचना को खारिज कर दिया गया है।

**उत्तर कोरिया पर रूस को हथियार आपूर्ति करने का आरोप**

दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह हाल ही में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हस्ताक्षरित एक पारस्परिक रक्षा समझौते के विरोध में यूक्रेन को सीधे हथियार आपूर्ति करने की संभावना की समीक्षा करेगा। दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर रूस को हथियार आपूर्ति करने का आरोप लगाया है, जिसका उपयोग यूक्रेन युद्ध में किया जा रहा है। हालांकि, रूस और उत्तर कोरिया दोनों ही ऐसे किसी भी लेन-देन से इनकार करते हैं।

उत्तर कोरिया लंबे समय से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त अभ्यास की निंदा करता रहा है। उत्तर कोरिया इसे आक्रमण का पूर्वाभ्यास और वाशिंगटन तथा सियोल की शत्रुतापूर्ण नीतियों का सबूत मानता है। पिछले साल, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने उत्तर कोरियाई खतरों के प्रति प्रतिक्रिया में सुधार के लिए संयुक्त नौसैनिक मिसाइल रक्षा और पनडुब्बी रोधी अभ्यास किया था।

## गाजा में बढ़ा फिलिस्तीनियों के मारे जाने का आंकड़ा, अब तक 37,877 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**गाजा:** गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 37,877 हो गई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 43 लोग मारे गए और 111 अन्य घायल हो गए। अक्टूबर 2023



में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से कुल मृतकों की संख्या 37,877 और घायलों की संख्या 86,969 हो गई। बयान के अनुसार कई पीड़ितों के शव अभी भी मलबे के नीचे या सड़कों पर पड़े हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक अलग बयान में चेतावनी दी कि जनरेटर चलाने के लिए आवश्यक ईंधन की कमी के कारण गाजा पट्टी में शेष अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और ऑक्सीजन स्टेशन 48 घंटे के भीतर बंद हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इज़रायल ने सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इज़रायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले का बदला लेने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 अन्य को बंधक बना लिया गया।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कतर के पीएम से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा

**एजेंसी**

**दोहा:** विदेश मंत्री एस जयशंकर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया। यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है।

जयशंकर ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री थानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गई शुभकामनाएं पहुंचाई। उन्होंने कहा, राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा, हम भारत-कतर संबंधों को और बेहतर बनाने



तथा आपसी हितों के मुद्दों पर निरंतर बातचीत की आशा करते हैं। कतर की समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने दोनों नेताओं ने साझा हितों के कई मुद्दों के अलावा दोनों देशों के बीच सहयोग संबंधों और उन्हें समर्थन देने तथा विकसित करने के तौर-तरीकों की समीक्षा की। जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किये जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। प्रोटोकॉल प्रमुख इब्राहिम फखरू ने विदेश मंत्री जयशंकर का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नयी दिल्ली में कहा, विदेश मंत्री की यह यात्रा दोनों देशों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 से 15 फरवरी तक कतर दौरे के दौरान अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से चर्चा की थी। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं।

## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 2-4 जुलाई को कजाकिस्तान का दौरा करेंगे

**एजेंसी**

**अल्माटी।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 2-4 जुलाई को कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा करेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद में भाग लेंगे, कजाकिस्तान राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने कहा। '2-4 जुलाई, 2024 को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजाकिस्तान गणराज्य की राजकीय यात्रा करेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 24वीं बैठक में भी भाग लेंगे, बयान में कहा गया। अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन 3-4 जुलाई को आयोजित किया जाएगा और इसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भाग लेंगे। इस आयोजन के दौरान 2035 तक संगठन की विकास रणनीति सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।



## नेपाल का सत्तारूढ़ गठबन्धन टूट के कगार पर, ओली-देउवा की मुलाकात से राजनीति तरंगित

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल का सत्तारूढ़ गठबन्धन टूट के कगार पर पहुंच गया है। सत्तापक्ष के नेताओं के बीच बढ़ती दूरी और विपक्षी दल के साथ बढ़ती नजदीकी इस बात का प्रमाण है। सत्तापक्ष के सबसे बड़े दल नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के बीच हुई मुलाकात ने नेपाल की राजनीति में भूचाल ला दिया है। सत्तारूढ़ गठबन्धन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित केपी शर्मा ओली ने बहिष्कार कर दिया जबकि इसी कार्यक्रम में सहभागी होने के लिए प्रचण्ड अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को बीच में छोड़कर चितवन से काठमांडू लौट आए। सत्तापक्ष के बाकी नेता भी उस कार्यक्रम में सहभागी हुए लेकिन ओली इस कार्यक्रम से नदारद रहे। दरअसल, जिस समय सत्ता पक्ष का यह कार्यक्रम चल रहा था उसी समय ओली अपने निवास पर प्रमुख प्रतिपक्षी नेता देउवा के साथ तीन घंटे तक बैठक की। अपने सांसद पत्नी आरजू राणा को लेकर ओली से मिलने पहुंचे देउवा ने ओली के समक्ष प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव रखा। इस बैठक के बारे में नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने बताया कि बदलती हुई राजनीतिक परिस्थिति में दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात राजनीतिक स्थिरता को लेकर है।

## जराइल और लेबनान के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका विकल्पों पर काम कर रहा है – रिपोर्ट

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारी इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष को हल करने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रहे हैं, वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट की। अमेरिकी अधिकारी इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि आंदोलन का कहना है कि जब तक इजरायल गाजा में अपना जमीनी हमला बंद नहीं कर देता, तब तक वह पीछे नहीं हटेगा, रिपोर्ट में कहा गया है। जबकि अमेरिकी अधिकारी हिजबुल्लाह की मांगों को स्वीकार करते हैं, वे तनाव कम करने के लिए बैकअप विकल्पों पर भी काम कर रहे हैं, रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है। 18 जून को, इजरायल रक्षा बलों ने घोषणा की कि उसने लेबनान में आक्रमण के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल कैट्ज ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, एक पूर्ण युद्ध में आंदोलन को नष्ट करने और लेबनान को गंभीर रूप से प्रभावित करने की धमकी दी। हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्लाह ने कहा कि अगर टकराव और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति और खराब हो गई। लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके रोजाना सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलीबारी करते हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में करीब 100,000 लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े, जबकि इजरायली विदेश मंत्रालय ने कहा कि 80,000 इजरायलियों को भी ऐसा ही करना पड़ा।

## तुर्की के मुख्य विपक्षी दल के नेता को रूस यात्रा के दौरान पुतिन से मिलने की उम्मीद

**एजेंसी**


**अंकारा।** तुर्की की मुख्य विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के नेता ओजगुर ओज़ेल ने कहा है कि उन्हें रूस की अपनी आगामी यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक करने की उम्मीद है।अगले सप्ताह, मैं बुखारेस्ट में यूरोपीय समाजवादी दलों के नेताओं के सम्मेलन में भाग लेने की योजना बना रहा हूँ। बैठकों की योजना केवल यूरोपीय नेताओं के साथ ही नहीं है; हम रूस और बीजिंग भी जाएँगे। हम पुतिन से मिलेंगे; हमें पहले ही निमंत्रण मिल चुका है, और हम चीन के साथ-साथ ब्राज़ील भी जाएँगे, जहाँ हम राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलेंगे, ओज़ेल ने तुर्की के पत्रकार फतिह अल्तायली के साथ एक साक्षात्कार में कहा।



# नेपाल में मुस्लिमों ने हिन्दुओं के गांव का नाम बदल कर रख दिया 'इस्लाम नगर', हिंदू युवकों को भी पीटा

**एजेंसी**

**काठमांडू:** नेपाल के रौतहट जिले में साम्प्रदायिक तनाव की घटना सामने आई है। यहां एक सप्ताह पहले मुस्लिमों ने एक गांव का नाम इस्लाम नगर रखकर इससे बोर्ड लगवा दिया। हिन्दुओं को इसका पता चला तो वे भड़क गए और इस बोर्ड को उखाड़ फेंका। इसके बाद मुस्लिमों ने हिन्दू समुदाय के कुछ युवाओं की पिटाई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना 23 जून की बताई जा ली थी, बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कहा जा रहा है कि स्थानीय मुस्लिम इस जगह को अपनी तरफ से इस्लाम नगर कह कर



बुलाने भी लगे थे। घटना के दिन मौके पर पहुँचकर मुस्लिमों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। हिंदू पक्ष ने नेपाल प्रशासन पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। नेपाल के संगठन 'हिन्दू सम्राट सेना' के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि पोठियाही गाँव में मुस्लिमों के महज 10 घर हैं, जो कि गाँव की कुल आबादी का महज 4फीसदी है। इसके बावजूद इन्होंने पूरे पोठियाही गाँव के नाम को बदलने की साजिश रच डाली । 23 जून को हिन्दू सम्राट सेना के सदस्यों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर इस्लाम नगर वाले इस बोर्ड को उखाड़ दिया। उन्होंने कहा कि उस दौरान मुस्लिम पक्ष के लोग खामोश रहे, लेकिन अंदर ही अंदर वो हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे थे। 25 जून की रात को तीन हिन्दू युवक चौराहे से गुजर रहे थे। इस दौरान उनको लगभग एक दर्जन मुस्लिमों ने घेर लिया और उन पर इस्लाम नगर वाला बोर्ड उखाड़ने का आरोप लगाकर पहले गंदी-गंदी गालियाँ दी गई और बाद में उनकी पिटाई कर दी । इस हमले में हिंदू समुदाय के युवक बुरी तरह घायल हो गए। हिंसक भीड़ को चाँद दीवान, रफीक, सिराजुल और मंजूर आदि लोग लीड कर रहे थे। इस हमले की जानकारी मिलते ही आसपास के हिन्दू नाराज हो गए। हिन्दुओं ने एकजुट होकर इस हमले का विरोध किया। इस बीच मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुँच गए। हिंदू पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने हमला करने वाले मुस्लिमों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, उन मुस्लिम परिवारों को ही पुलिस ने बजाय सुरक्षा दे दी, जिन्होंने हमला किया था। नेपाल प्रशासन इस घटना को आपसी विवाद बताकर मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई साम्प्रदायिक एंगल नहीं है।

संरक्षक: संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# अफगानिस्तान से सीमा पर आंतकी हमलों से बौखलाया पाकिस्तान, कार्रवाई न करने पर तालिबान को कोसा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद:** दुनिया को आतंकवाद की आग में झोंकने वाला आज खुद इसमें झुलस रहा है । अफगानिस्तान सीमा के पास से बढ़ रहे आंतकी हमलों से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और आंतकियों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर तालिबान को कोस रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस्लामाबाद के बार-बार के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए काबुल की अफगान तालिबान सरकार की आलोचना की। आसिफ ने शनिवार को एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपए की पेशकश भी की है। आसिफ के हवाले से कहा, ''पाकिस्तान को अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद थी लेकिन वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं है।' पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की 10 अरब रुपये की पेशकश भी की थी लेकिन उसे आशंका है कि



अंतरिम सरकार से बार-बार यह अनुरोध किया है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) तथा अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी जमीन का इस्तेमाल न करने दे। हालांकि, काबुल पाकिस्तान के इस दावे को खारिज करता रहा है।

आसिफ ने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा के इलाकों में स्थानांतरित करने के लिए आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी सीमा की ओर लौट सकते हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह 'वॉयस ऑफ अमेरिका' को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम' के तहत अफगानिस्तान में सीमा पर आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बना सकता है। उन्होंने टीटीपी के साथ बातचीत की संभावनाओं को भी खारिज किया।

## चीनी कंपनी के विरोध में सांसद का पैदल मार्च

**काठमांडू।** चीन की कंपनी की तरफ से काठमांडू रिंगरोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं करने के विरोध में सांसद ने रिंगरोड पर पैदल मार्च किया। चीन सरकार के तरफ से बनाए जा रहे काठमांडू के रिंगरोड का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं होने के कारण काठमांडू के सांसद प्रदीप पौडेल ने अपने समर्थकों के साथ पैदल मार्च किया। रिंगरोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने या काम छोड़ देने की मांग करते हुए यह पैदल मार्च किया गया है। मार्च के दौरान सांसद प्रदीप पौडेल ने कहा कि चीन सरकार को चाहिए कि या तो वो इस काम को पूरा करे अन्यथा नेपाल सरकार को अपने हाथ में यह काम ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रिंगरोड निर्माण का ठेका लिए हुए 20 साल से अधिक समय हो गया लेकिन अब तक इसका पूरा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सड़क नहीं बनने से लोगों को परेशानी नहीं हो रही है। सांसद प्रदीप पौडेल सहित कुछ अन्य सांसदों ने संसद में इस विषय को लेकर संकल्प प्रस्ताव दिया गया है। जिसमें सरकार से मांग की गई है कि या तो चीन तय समय सीमा पर यह काम पूरा करे या फिर नेपाल सरकार इस ठेका को रद्द कर खुद काम शुरू करे।

## अफगानिस्तान से सीमा पर आंतकी हमलों से बौखलाया पाकिस्तान, कार्रवाई न करने पर तालिबान को कोसा

**इस्लामाबाद:** दुनिया को आतंकवाद की आग में झोंकने वाला आज खुद इसमें झुलस रहा है । अफगानिस्तान सीमा के पास से बढ़ रहे आंतकी हमलों से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और आंतकियों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर तालिबान को कोस रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस्लामाबाद के बार-बार के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान- अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए काबुल की अफगान तालिबान सरकार की आलोचना की। आसिफ ने शनिवार को एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि में आतंकवादियों पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपए की पेशकश भी की है। आसिफ के हवाले से कहा, "पाकिस्तान को अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद थी लेकिन वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को
करने के लिए तैयार नहीं है।' 10 अरब रुपये की पेशकश भी की पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की थी लेकिन उसे आशंका है कि अंतरिम सरकार से बार-बार यह अनुरोध किया है कि वह तहरीक-ए- तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) तथा अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी जमीन का इस्तेमाल न करने दे हालांकि, काबुल पाकिस्तान के इस दावे को खारिज करता रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा के इलाकों में स्थानांतरित करने के लिए। आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी सीमा की ओर लौट सकते हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह ह्वॉयस ऑफ अमेरिका' को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन अज्म-ए- इस्तेकाम' के तहत अफगानिस्तान में सीमा पर आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बना सकता है। उन्होंने टीटीपी के साथ बातचीत की संभावनाओं को भी खारिज किया।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुद्दीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी